जून 2025 के लिए विशेष होमवर्क

# मातेश्वरी जी के विशेष गुण और शक्तियां

## 1-06-2025, रविवार

## अन्तर्मुखता के गुण द्वारा शान्ति की शक्ति का अनुभव

जैसे मम्मा सदा अन्तर्मुखता की गुफा में रही, वाणी पर पूरा कन्ट्रोल रखा। वे इस महामन्त्र का स्वरूप बनी -कम बोलो, धीरे बोलो और मीठा बोलो। इसी मन्त्र से उनके पास शान्ति की शक्ति जमा होती गई। जिससे उन्होंने अनेक प्रकार के विघ्नों को सहज पार कर लिया। ऐसे हम सभी इसका विशेष अभ्यास करें।

